# बिहार लोक सेवा आयोग
# 64वीं मुख्य परीक्षा
# (सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र-1)
# प्रैक्टिस पेपर-II

*अनुदेश:*

- उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- खंड-I एवं खंड-II प्रत्येक में से **तीन-तीन** प्रश्न तथा खंड-III से **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए कुल **आठ** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न खंडों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

**खंड-I**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 300**

1. बिहार के विशेष संदर्भ में 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के महत्त्व की आलोचनात्मक विवेचना कीजिये।
2. मुंडा विद्रोह के लिये उत्तरदायी मुख्य कारकों पर प्रकाश डालिये, साथ ही यह बताइये कि इस विद्रोह का तत्कालीन आदिवासी समाज तथा औपनिवेशिक सत्ता पर क्या प्रभाव पड़ा?
3. क्या यह कहा जा सकता है कि चंपारण आंदोलन में गांधी जी द्वारा अपनाई गई पद्धतियाँ आगामी गांधीवादी आंदोलनों का मुख्य आधार बनी? तर्कपूर्ण विवेचना कीजिये।
4. स्थापत्य एवं मूर्तिकला की दृष्टि से बिहार का इतिहास समृद्ध रहा है। इस संदर्भ में उदाहरण देते हुए मौर्य कला की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिये।
5. "सभी का कल्याण एक ऐसे सुव्यवस्थित सामाजिक व राजनैतिक समाज में ही अनुभव किया जा सकता है जिसका आधार वर्गहीन, वर्णहीन समाज हो तथा जिसकी लोकतांत्रिक सत्ता ग्रामीण समुदाय के अधीन हों।" गांधी के इस कथन की विस्तृत विवेचना कीजिये।
6. आधुनिक भारत के स्वरूप को निर्धारित करने में जवाहर लाल नेहरू की भूमिका की समीक्षा कीजिये।


**खंड-II**

7. हाल ही में अमेरिका द्वारा ईरान पर अनेक प्रतिबंध आरोपित किये गए हैं। अमेरिका का यह कदम किस हद तक वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगा? साथ ही इन प्रतिबंधों का भारत पर पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा करते हुए ईरान का भारत के लिये सामरिक महत्त्व पर प्रकाश डाले।
8. हिंद-प्रशांत क्षेत्र की राजनीति में हाल के वर्षों में व्यापक बदलाव प्रदर्शित हुए हैं। इन बदलावों का भारत के संदर्भ में क्या निहितार्थ है, साथ ही यह भी बताइये कि किस प्रकार भारत इस क्षेत्र में अपनी पहुँच का विस्तार कर सकता है?
9. एक क्षेत्रीय संगठन के रूप में शंघाई सहयोग संगठन कैसे भारत के लिये चुनौतियाँ और अवसर दोनों को प्रस्तुत करता है? साथ ही उन कदमों का उल्लेख कीजिये, जो भारत को इस संगठन के संबंध में अपने रणनीतिक हित के लिये उठाने चाहिये।
10. पिछले कुछ समय से देश के अलग-अलग हिस्से में हो रही भीड़ हत्या (मॉब लिंचिंग) की घटनाएँ एक सभ्य व नैतिक समाज के लिये कलंक है। इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिये सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों की चर्चा कीजिये, साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस संबंध में दिये गए दिशानिर्देश को भी बताएँ।
11. वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन की भयावहता को देखते हुए कई राष्ट्रों द्वारा 'जलवायु आपातकाल' लगाने की बात कही जा रही है। इस 'जलवायु आपातकाल' की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को रोकथाम हेतु भारत तथा बिहार सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों को बताएँ।

**खंड-III**

12. निम्नलिखित ग्राफ को ध्यान से पढ़िये तथा नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

**विगत वर्षों में एक कंपनी द्वारा बनाए गए और बेचे गए कच्चे माल के यूनिट (करोड़ में)**



(क) विगत वर्षों में बेची गई यूनिट्स की औसत संख्या कितनी है?

(ख) वर्ष 2005 में बनाई गई और बेची गई यूनिट्स की संख्या के बीच के अंतर का वर्ष 2006 में बनाई गई और बेची गई यूनिट्स की संख्या के बीच के अंतर से क्रमशः क्या अनुपात है?


(ग) वर्ष 2003 में बनाई गई यूनिट्स की संख्या का वर्ष 2007 में बनाई गई यूनिट्स की संख्या से क्रमशः अनुपात क्या है?

(घ) वर्ष 2007 में पिछले वर्ष की तुलना में बेची गई यूनिट्स की संख्या में लगभग कितने प्रतिशत वृद्धि हुई?

(ङ) विगत वर्षों में बनाई गई यूनिट्स और बेची गई यूनिट्स की संख्या के बीच कितना अंतर है?

13. नीचे दिये गए ग्राफ का अध्ययन कीजिये और उसके बाद दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

**दो विभिन्न संस्थानों में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की संख्या (हज़ारों में)**




(क) संस्थान B में प्रवेश के लिये वर्ष 2002 में लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों और संस्थान A में प्रवेश के लिये वर्ष 2006 में लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों के बीच क्रमशः क्या अनुपात है?


(ख) सभी वर्षों में संस्थान B में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की लगभग औसत संख्या कितनी थी?

(ग) दोनों संस्थानों को मिलाकर प्रवेश के लिये लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की दूसरी सर्वाधिक कुल संख्या किस वर्ष थी?


(घ) संस्थान A और B को मिलाकर प्रवेश के लिये वर्ष 2006 में लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की कुल संख्या और संस्थान A में प्रवेश के लिये वर्ष 2003 में लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की संख्या के बीच कितना अंतर है?

14. निम्नलिखित पाई-चार्टों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

**एक संगठन में विभिन्न स्तरों पर काम कर रहे 1500 कर्मचारियों का ब्योरा विभिन्न वेतनमानों में 1500 कर्मचारियों का विभाजन**




**विभिन्न वेतनमानों में 800 पुरुष कर्मचारियों का विभाजन**





(क) कितनी महिलाएँ वेतनमान II में कार्य कर रही हैं?

(ख) वेतनमान V में काम कर रहे पुरुष और महिला कर्मचारियों के बीच क्रमशः अनुपात क्या है?

(ग) वेतनमान III और IV को मिलाकर काम कर रही महिला कर्मचारियों की कुल संख्या क्या है?

(घ) वेतनमान VI में कार्यरत पुरुष कर्मचारियों की संख्या उस वेतनमान के कुल कर्मचारियों का कितना प्रतिशत है? (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित)

15. एक संस्थान में पढ़ने वाले विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों का पाई-चित्र नीचे प्रदर्शित है तथा विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों में लड़कियों का प्रतिशत सारणी में प्रदर्शित है तथा संस्थान के कुल विद्यार्थियों की संख्या 1000 है।




| राज्य | लड़कियों का प्रतिशत |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 50% |
| बिहार | 40% |
| मध्य प्रदेश | 60% |
| राजस्थान | 33.33% |
| पंजाब | 20% |
| हरियाणा | 10% |
| अन्य | 50% |

(क) संस्थान में राजस्थान की लड़कियों की संख्या कितनी है?

(ख) संस्थान में पंजाब के लड़कों की संख्या कितनी है?

(ग) बिहार की छात्राओं की संख्या पंजाब की छात्राओं की संख्या का कितना गुना है?

(घ) हरियाणा, बिहार और मध्य प्रदेश को मिलाकर छात्रों की कुल संख्या कितनी है?

(ङ) उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब को मिलाकर लड़कों का प्रतिशत इन राज्यों के विद्यार्थियों की कुल संख्या में कितना है?